हिन्दी पखवाड़ा

उच्च प्रौद्योगिकी केन्द्र में 16 सितम्बर से 30 सितम्बर 2022 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ श्री आलोक शर्मा, कार्यकारी निदेशक, सीएचटी ने किया। हिन्दी पखवाड़ा अवधि के दौरान अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिसमें उच्च प्रौद्योगिकी केन्द्र के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह एवं हिन्दी कार्यशाला के उपलक्ष में मुख्य अतिथि के तौर पर उपनिदेशक (हिन्दी), पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, श्रीमति शोभना श्रीवास्तव जी उपस्थित रही और हिन्दी में काम करने की प्रेरणा दी। सीएचटी कार्यालय में पहली बार कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया, जिसमे जाने-माने कवियों ने हिन्दी पर अनेक कवितायें सुनाई। मुख्य अतिथि श्रीमति शोभना श्रीवास्तव जी तथा श्री आलोक शर्मा, कार्यकारी निदेशक, महोदय द्वारा समारोह के समापन और हिन्दी कार्यशाला में विजयी प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियो का होसला बढ़ाया।